THE PRIME MINISTER (SHRI MORARJI DESAI): Yes, Sir.

जनता सरकार बनने के बाद से अपराध

4225. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनता सरकार बनने के बाद से हत्या, डकैती, चोरी, छुरेबाजी, राहजनी, लड़कियों के साथ छेड़खानी की कितनी घटनायें हुई और उतनी ही अवधि मे गत वर्ष ऐसी कितनी घटनायें घटीं; और

(ख) ऐसी घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए अब क्या कार्यवाही की जा रही है ?

गृह मन्त्री (श्री चरण सिंह) : (क) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी ।

(ख) यह प्रश्न सब सूचना के संकलन के बाद ही उठेगा ।

भारतीय यूरेनियम निगम लि० पर किया गया खर्च

4226. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव: क्या परमाणु ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि भारतीय यूरेनियम नियम लि० पर अब तक कितनी धनराशि खर्च हुई है, उसमें कितनी पूंजी लगी हुई है और निगम ने अब तक कितना उत्पादन किया है और उसकी क्षमता कितनी है ?

प्रधान मन्त्री (श्री मोरारजी देसाई) : भारत सरकार ने यूरेनियम कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड की शेयर पूंजी में कुल मिलाकर 826 लाख रुपये लगाए हुए हैं । इसके अतिरिक्त आज की तारीख में कम्पनी के नाम 80.61 लाख रुपये का ऋण है । यूरेनियम सांद्र एक सामरिक कच्चा माल है तथा इसलिए कम्पनी द्वारा अब तक तैयार किए गए माल की मात्रा तथा कम्पनी के संयंत्र की क्षमता के बारे में जानकारी देना जनहित में नहीं है ।

फिल्मों को प्रशंसा-पत्र

4227. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश के वर्ष-वार विभिन्न भाषाओं में कितनी फिल्मों का निर्माण हुआ; और

(ख) ऐसी कितनी फिल्मों को सरकार ने प्रशंसा-पत्र दिये और अधिक दिनों तक किसी एक हाल में किस भाषा की फिल्म कितने दिनों तक चली और क्या ऐसी फिल्म को भी सरकार ने पुरस्कार और प्रशंसा-पत्र दिये थे ?

सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) एक विवरण, जिसमें पिछले तीन वर्ष के दौरान केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड द्वारा चलचित्र अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए मंजूर की गई फिल्मों की संख्या दी गई है, संलग्न है ।

(ख) जिन फिल्मों को पिछले तीन वर्ष के दौरान राष्ट्रीय फिल्म समारोह में पुरस्कार दिए गए उनकी संख्या इस प्रकार थी :—

वर्ष	फीचर फिल्में	लघु फिल्में
1974 .	9	6
1975 .	8	7
1976 .	11	8

किसी भी फिल्म को उसके चलने के दिनों की संख्या के आधार पर कोई राष्ट्रीय पुरस्कार नहीं दिया गया। राष्ट्रीय पुरस्कारों के अलावा, समाचार-पत्रों की रिपोर्टों के अनुसार, कुछ राज्य सरकारों और गैर-सरकारी संगठनों ने भी फिल्मों को पुरस्कार दिए। फिल्म प्रदर्शन निजी क्षेत्र मे होने के कारण, सरकार को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि सिनेमाघरों में विभिन्न फिल्में कितने दिन चली।

विवरण

पिछले तीन वर्ष के दौरान केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड द्वारा सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए मंजूर की गई भारतीय फीचर और लघु फिल्मो की संख्या।

क. फीचर फिल्में

भाषा	1974	1975	1976
हिन्दी (राजस्थानी, भोजपुरी अवधी, हिन्दुस्तानी, मागधी, उर्दू डोगरी और हरियाणवी सहित) .	136	120	106
मराठी .	11	17	10
गुजराती .	7	12	29
पंजाबी .	4	5	10
कोंकणी	—	1	1
इंगलिश .	1	1	2
तमिल .	79	71	81
तेलुगु .	69	88	93
कन्नड .	32	39	47
मलयालम .	54	77	84
बंगाली .	36	35	32
उड़ीया .	1	3	6
असमिया .	3	6	5
मणिपुरी .	2	—	1
योग	435	475	507

ख. डाकुमेंटरी/ लघु फिल्मे	1311	1220	1210

दामोदर घाटी निगम

4228. श्री वीरेन्द्र प्रसाद : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दामोदर घाटी निगम प्रति वर्ष कितनी मैगावाट बिजली का उत्पादन करता है और इसमे से बिहार और पश्चिम बंगाल को क्रमश: अलग-अलग प्रति वर्ष कितनी बिजली सप्लाई की जाती है,

(ख) क्या गर्मी के मौसम मे प्रत्येक वर्ष इस निगम का बिजली उत्पादन कम हो जाता है;

(ग) यदि हां, तो कितने मैगावाट उत्पादन कम होता है; और

(घ) उत्पादन में कोई कमी न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किये जाने का प्रस्ताव है?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) : (क) मैगावाट में अभिव्यक्त की गई बिजली किसी नियत समय में बिजली की मांग का